समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# अभिषेक बच्चन-करिश्मा कपूर के रिश्ते पर नया दावा, दिवंगत अभिनेता मुकरी की बेटी ने बाबिता को बताया ब्रेकअप की वजह

Sanket Morankar

Published on 29 Jul 2026



अभिनेता **अभिषेक बच्चन** और **करिश्मा कपूर** की वर्ष 2002 में हुई सगाई और उसके बाद हुए ब्रेकअप को लेकर एक बार फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं। इस बार दिवंगत अभिनेता **मुकरी** की बेटी **नसीम मुकरी** ने एक पॉडकास्ट में कई दावे किए हैं।

नसीम मुकरी का दावा है कि करिश्मा कपूर की मां और अभिनेत्री **बबीता** शुरुआत से ही इस रिश्ते के पक्ष में नहीं थीं। उनके अनुसार, दोनों के बीच प्रेम संबंध फिल्म "**हाँ मैनें प्यार किया**" की शूटिंग शुरू होने से पहले ही शुरू हो गया था।

पॉडकास्ट में नसीम मुकरी ने आरोप लगाया कि बबीता ने शादी से पहले अभिषेक बच्चन के सामने कुछ आर्थिक शर्तें रखी थीं। उनके अनुसार, इन्हीं शर्तों पर सहमति न बनने के कारण दोनों की सगाई टूट गई। उन्होंने यह भी दावा किया कि करिश्मा अपनी मां के प्रभाव में थीं, जबकि उनकी बहन **करीना कपूर** ने बाद में स्वतंत्र रूप से रहने का फैसला किया।

पॉडकास्ट में फिल्म निर्देशक **सुनील दर्शन** के पुराने बयान का भी उल्लेख किया गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अभिषेक और करिश्मा के बीच अच्छी बॉन्डिंग थी और फिल्म में उनकी केमिस्ट्री उनके वास्तविक रिश्ते को दर्शाती थी। हालांकि, उनके अनुसार रिश्ते में आई दिक्कतें बाहरी परिस्थितियों के कारण पैदा हुई थीं।

गौरतलब है कि **अभिषेक बच्चन** और **करिश्मा कपूर** की सगाई अक्टूबर 2002 में हुई थी, लेकिन जनवरी 2003 में यह सगाई टूट गई। इसके बाद करिश्मा कपूर ने उद्योगपति **संजय कपूर** से विवाह किया।

**महत्वपूर्ण:** इस खबर में शामिल आरोप और दावे नसीम मुकरी द्वारा एक पॉडकास्ट में किए गए हैं। इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित पक्षों की ओर से इस विषय पर कोई नई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.